# Newspaper Clips

## July 6, 2016

**Amar Ujala ND 06/07/2016 P-13**

# विवादों के चलते बदला गया स्मृति ईरानी का मंत्रालय

नई दिल्ली (सीमा शर्मा)। दो साल पहले मानव संसाधन विकास मंत्रालय



की जिम्मेदारी संभालने के वक्त से ही विवादों में रहीं स्मृति ईरानी से बड़ा ओहदा छीने जाने के पीछे कई कारण हैं। इसमें शुरू से ही संघ की नापसंद और मोदी सरकार के दो साल पूरा होने पर कराए गए सर्वे में उनके फेल होने जैसे कारण भी शामिल हैं।

**डिग्री विवाद :** स्मृति के मंत्री बनने के साथ ही उनकी डिग्री पर विवाद हो गया था। स्मृति पर चुनावी शपथ पत्र में डिग्री की गलत जानकारी देने का आरोप लगा। स्मृति ने साल 1996 में बीए की डिग्री लेने की जानकारी दी, वहीं दूसरे शपथ पत्र में उन्होंने 1994 में दिल्ली के एसओएल से बीकॉम पार्ट वन की परीक्षा पास होने की जानकारी दी।

**हैदराबाद व जेएनयू में भी विवाद :** हैदराबाद युनिवर्सिटी में दलित छात्र रोहित वेमुला की आत्महत्या मामले में मोदी सरकार की सबसे अधिक किरकिरी हुई। केंद्रीय मंत्री बंडारू दत्तात्रेय की शिकायत पर ईरानी ने कथित तौर पर हैदराबाद विश्वविद्यालय प्रबंधन को मामले में कार्रवाई का आदेश दिया था। उन्होंने पत्र में लिखा था कि जिन दलित छात्रों ने एबीवीपी के छात्र नेता की पिटाई की है। विश्वविद्यालय प्रबंधन ने पांचों छात्रों को निकाल दिया था। इसके बाद उन पांच छात्रों में से एक रोहित ने आत्महत्या कर ली थी। संसद में रोहित मामले में विपक्ष के जवाब मांगने पर स्मृति ने जो तथ्य पेश किए उसकी भी विश्वसनीयता सवाल खड़े हो गए। वहीं, जेएनयू में देश विरोधी नारे लगाने के मामले में कन्हैया समेत अन्य छात्रों की गिरफ्तारी पर भी राजनीतिक पार्टियों ने स्मृति को आड़े हाथ लिया।

**आईआईटी मद्रास विवाद :** आईआईटी मद्रास में दलित छात्रों के ग्रुप अंबेडकर पेरियार को बैन करने की भी जमकर आलोचना हुई थी। इस दल के छात्रों पर आरोप था कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना कैंपस में की थी। स्मृति की बैन लगाने की सिफारिश पर हंगामा हुआ व मंत्रालय को आदेश वापस लेना पड़ा।

**आईआईटी कैंटीन विवाद :** स्मृति ने इस मामले में पत्र लिखा था कि कैंटीन में नॉन वेज देने के कारण शाकाहारी छात्र परेशान होते हैं इसलिए शाकाहारी छात्रों के लिए अलग से हॉस्टल बनाया जाए।

**अलीगढ़ मुस्लिम विवाद :** अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी को अल्पसंख्यक यूनिवर्सिटी के दर्जे को लेकर भी स्मृति विवादों में रहीं। वहीं जामिया मिलिया के सेंटरों के फंड रोक दिए थे।

**आईआईटी मुंबई विवाद:** आईआईटी के बोर्ड अध्यक्ष पद से परमाणु वैज्ञानिक काकोडकर ने इस्तीफा दे दिया था। इस पर भी स्मृति पर दबाव बनाने का आरोप लगा। इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के कुलपति ने ऑनलाइन एडमिशन मामले में मंत्रालय पर नकल का आरोप लगाया।

**Indian Express ND 06/07/2016 P-01**

# What she leaves for Javadekar, done, undone

RITIKA CHOPRA
NEW DELHI, JULY 5

SMRITI IRANI was relieved of the Human Resource Development (HRD) portfolio Tuesday, at a time when her ministry was locked in a fresh tussle with the Prime Minister's Office (PMO) on the degree of autonomy that the government's proposed "world-class universities" should enjoy.

The PMO and HRD Ministry were learnt to have had major disagreements over 13 provisions of the draft regulations for setting up 20 institutions of global standards. The "world-class universities" project was the biggest Budget announcement on education this year, with its progress being tracked closely by the PMO.

There were also differences over the IIM Bill, with the PMO virtually blocking Cabinet approval for the draft law after the HRD Ministry did not relent to two changes proposed by it. The matter was then escalated to Principal Secretary to the PM, Nripendra Misra, who called for a meeting with Higher Education Secretary V S Oberoi on July 2 to discuss five key issues, including the IIM Bill, Budget announcements and the

CONTINUED ON PAGE 2

### KEY CHANGES

**HRD** goes from Smriti Irani to Prakash Javadekar

**LAW & JUSTICE** goes from Sadananda Gowda to Ravi Shankar Prasad

**I&B** goes from Arun Jaitley to M Venkaiah Naidu

FULL COVERAGE, PAGES 6, 7

What she leaves for Javadekar, done, undone

delay in introducing free Wi-Fi access in central universities. But the meeting was cancelled, virtually at the last minute, said sources.

While the reasons for Irani being shifted out remained unclear till Tuesday evening, what was evident was that her removal had come at a time when she was on the verge of making major changes in the sector — the biggest being the announcement of the new national education policy.

As she moves to the Textile Ministry, Irani leaves behind a long list of unfinished business for her successor, Prakash Javadekar. Apart from finalising the policy and world-class universities, the ministry is in the process of establishing a National Academic Depository — a database of all academic certificates — and a Vedic Education Board for pathshalas and Sanskrit schools, initiate a review of the school education curriculum and draft a new language policy.

Besides, several key appointments, such as that of the chairman of Central Board of Secondary Education (CBSE) and directors of several IIMs, are pending.

During her stint, Irani, who is the youngest Cabinet Minister in the Council, also found herself in the midst of controversies, with her ministry replacing German with Sanskrit as the third language in Kendriya Vidyalayas and the resignation of former IIT director R K Shevgaonkar and IIT Bombay chairman Anil Kakodkar.

The Opposition was also relentless in its attack on Irani in the case of Dalit research scholar Rohith Vemula's suicide at Hyderabad Central University and the arrest of JNU students for allegedly shouting seditious slogans.

The HRD Ministry had also reversed the UPA government's stand on Aligarh Muslim University's minority status. Recently, it filed an affidavit in Supreme Court stating that AMU cannot be a minority institution as the Constitution doesn't allow the Centre to set up and run such a university.

Recently, former Cabinet secretary T S R Subramanian had expressed his unhappiness over the HRD Ministry not making public the report on the new education policy. Subramanian had headed the committee that drafted the report.

Irani is also the first education minister under whom two central university vice-chancellors were sacked for alleged financial and administrative irregularities.

Irani's legacy as HRD Minister included tangible results, too. The launch of the Global Initiative of Academic Network (GIAN), under which scholars from abroad were recruited in higher education, and the indigenous ranking framework for universities and educational institutes were among them.

The ministry also cleared pending appointments, including the posts of eight vice-chancellors at central universities and the heads of AICTE, NCERT and Indian Council of Philosophical Research.

However, the most notable achievement of the Irani-led ministry was completion of the Swachh Vidyalaya target, the initiative to build over four lakh toilets in government schools.

# After Infosys, Accenture turns to AI research; partners with IITs

http://www.ibtimes.co.in/after-infosys-accenture-turns-ai-research-partners-iits-685523

Accenture has allocated $100,000 for research on artificial intelligence (AI) in collaboration with IIT Bombay and IIT Patna. The research aims to address issues such as malnutrition, human trafficking and climate change.

The tie-up aims to combine software analytics, which involve building, testing and monitoring software applications, with predictive and recommendation models introduced through AI. The technological thrust of the research programme, scheduled for the period 2016-18, will involve sub-fields of AI, such as natural language processing, machine learning, neural network, virtual agents and deep learning.

The research will augment AI capabilities in answering questions posed in regional languages, virtual agents and machine learning, according to IIT Bombay.

Virtual agents are typically put in place as an online assistant in customer service and machine learning, and enable a program to 'learn' based on real-time interaction with users without external manual modification to its code.

"One of the major areas that the research will focus on is natural language processing," Pushpak Bhattacharyya, Director, IIT Patna, was quoted as saying by the Economic Times.

"If you can provide a local language interface on the ground in the villages, interaction becomes much more efficient," Sanjay Poddar, Managing Director, Research and Development, at Accenture Lab, Bangalore told ET.

The company had posted a revenue of $8.4 billion — an increase of 9 percent in US dollars over the previous year — in the third quarter of FY16. The company's financial year ends in August. It has also revised its estimate of net revenue growth in FY16 to 9.5 to 10.5 percent from the earlier 8 to 10 percent growth.

In April this year Infosys Foundation had announced a corpus of Rs. 24 crore to Indraprastha Institute of Information Technology, Delhi for research in AI over the next three years. Some of the areas the research programme will focus on are robotics, machine learning, computer vision, AI for software systems, and big data analytics.

Dainik Bhasker ND 06/07/2016 P-14

# आईआईटी जोधपुर की 42 फीट ऊंची, 88 फीट मोटी होगी दीवार

## गर्म और रेतीली हवा से कैंपस को बचाएगी अनोखी स्लोप वाली दीवार

मनोज कुमार पुरोहित | जोधपुर

जोधपुर में बन रहा आईआईटी का न्यू कैंपस रेत की अभेद दीवार से घिरा होगा। यह अर्बन बर्म (दीवार) स्लोप जैसी होगी, जिस पर घास व पेड़-पौधे होंगे और अंदर की ओर दीवार में एयरकंडीशनर रूम, पार्किंग, गैराज और स्टूडेंट एक्टिविटी सेंटर बनेंगे। करीब 35 करोड़ रुपए से बनने वाली इस अनोखी दीवार में 30-35 क्यूबिक मीटर मिट्टी की जरूरत होगी लेकिन यह बाहर से नहीं लानी पड़ेगी।

कैंपस में ही टनल की खुदाई से करीब 60 क्यूबिक मीटर मिट्टी निकाली जा चुकी है। 42 फीट ऊंची व 88 फीट चौड़ी यह दीवार उत्तरी-दक्षिणी दिशा से आंधी-तूफान, गर्म हवाओं व उड़ती रेत को अंदर आने से रोकेगी। इससे कैंपस का बिजली खर्च इतना बच जाएगा कि 5 साल में ही दीवार बनाने की पूरी लागत वसूल हो जाएगी।

दीवार कैंपस को इस तरह कवर कर देगी कि सड़क पर चलने वालों को इसमें बनी तीन मंजिला बिल्डिंगें दिखेंगी ही नहीं। मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने आईआईटी जोधपुर को दूसरे चरण के लिए 1605 करोड़ का फंड स्वीकृत किया है। हालांकि आईआईटी ने प्रस्ताव भेजकर 1778 करोड़ रुपए मांगे थे।



लंबाई
2 किमी

ऊंचाई
3 मंजिला मकान जैसी
42 फीट

चौड़ाई
स्लोप यानी ढलान की चौड़ाई 88 फीट

### एपल की 'होम बटन बिल्डिंग' जैसा दिखेगा



जोधपुर आईआईटी कैंपस

852 एकड़ में फैले परिसर का परकोटा जैसी होगी यह अनोखी दीवार। बाहर से भवन का कोई हिस्सा नजर नहीं आएगा।



**एपल होम बटन बिल्डिंग**

एपल का केलिफोर्निया में बन रहा हेडक्वार्टर। हमारे आईआईटी की आकृति भी कुछ-कुछ ऐसी ही होगी।

**Hindustan ND 06/07/2016 P-21**

### पीएमओ और मंत्रालय में गतिरोध से पेश होने की उम्मीद नहीं

# आईआईएम विधेयक पर अभी सहमति नहीं बनी

**निराशा**

नई दिल्ली | विशेष संवाददाता

भारतीय प्रबंधन संस्थानों (आईआईएम) में एमबीए की डिग्री देने के लिए लाए जा रहे आईआईएम विधेयक के मानसून सत्र में भी पेश होने के आसार नहीं हैं। मानव संसाधन विकास मंत्रालय के उच्च पदस्थ सूत्रों ने कहा कि विधेयक के कुछ प्रावधानों को लेकर प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) और मंत्रालय के बीच अब भी सहमति नहीं बन पाई है। इसलिए आगामी मानसून सत्र में भी शायद ही विधेयक को पेश किया जा सके।

आईआईएम विधेयक पिछले पांच-छह साल से मंत्रालय का चक्कर काट रहा है। पहले आईआईएम इसके कुछ प्रावधानों के खिलाफ थे, जिनमें बदलाव कर दिया गया। लेकिन उसके बाद पीएमओ की ओर से आपत्तियां की गईं। मूलत: आईआईटी कानून की तर्ज पर तैयार किए गए इस विधेयक में अब मंत्रालय को कई अहम बदलाव करने पड़ रहे हैं। पीएमओ ने जो सुझाव दिए हैं, यदि उन्हें माना जाता है तो उसके बाद इस विधेयक का स्वरूप आईआईटी अधिनियम से बिल्कुल बदल जाएगा।

मंत्रालय के अनुसार, जिन दो मुद्दों पर सहमति नहीं बन पा रही है, उनमें एक मानव संसाधन विकास मंत्री को आईआईएम के बीओजी का पदेन प्रमुख बनाए जाने से संबंधित है। जबकि दूसरा प्रावधान मंत्रालय की सिफारिश पर राष्ट्रपति को आईआईएम के कामकाज की समीक्षा करने का प्रावधान है। विधेयक के प्रावधानों के अनुसार राष्ट्रपति आईआईटी और केंद्रीय विश्वविद्यालयों की तर्ज पर आईआईएम के भी विजिटर हो जाएंगे। इससे उन्हें वे अधिकार मिलेंगे जैसा कि आईआईटी एवं केंद्रीय विश्वविद्यालयों के मामले में मिले हैं।

लेकिन पीएमओ ने इसे आईआईएम की स्वायत्तता के खिलाफ बताया है। पीएमओ के अनुसार, बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की सिफारिश पर ही ऐसी जांच की व्यवस्था होनी चाहिए। पीएमओ मंत्री को बीओजी का पदेन प्रमुख बनाने के पक्ष में भी नहीं है। इन दो आपत्तियों पर गतिरोध कायम है। पीएमओ ने और भी कई आपत्तियां की थीं, जिन्हें मंत्रालय ने मान लिया।



#### विदेश में मान्य नहीं आईआईएम का डिप्लोमा

किसी अधिनियम के तहत बने संस्थान ही डिग्री दे सकते हैं। आईआईएम का कोई एक्ट नहीं है। इसलिए वे डिग्री नहीं दे सकते। अभी वे पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा देते हैं। लेकिन विदेशों में कई मौकों पर यह मान्य नहीं होता है। इसलिए इस विधेयक के जरिये आईआईएम को यह अधिकार दिया जा रहा था। लेकिन कुछ प्रावधानों पर बात नहीं बनने से मामला लटकता जा रहा है।